सत्यमेव जयते

INDIA NON JUDICIAL

Government of Uttar Pradesh

IN-UP33092491432241W

e-Stamp

MOHD. ALAM...
ACC CODE-UP 14155404
LIC No.-520
TEHSIL-SADAR, PRAYAGRAJ

₹50

Certificate No.	:	IN-UP33092491432241W
Certificate Issued Date	:	25-Apr-2024 01:08 PM
Account Reference	:	NEWIMPACC (SV)/ up14155404/ PRAYAGRAJ SADAR/ UP-AHD
Unique Doc. Reference	:	SUBIN-UPUP14155404623747628277771W
Purchased by	:	HINDI SAHITYA SAMMELAN PRAYAGRAJ
Description of Document	:	Article 4 Affidavit
Property Description	:	Not Applicable
Consideration Price (Rs.)	:	
First Party	:	HINDI SAHITYA SAMMELAN PRAYAGRAJ
Second Party	:	Not Applicable
Stamp Duty Paid By	:	HINDI SAHITYA SAMMELAN PRAYAGRAJ
Stamp Duty Amount(Rs.)	:	50 (Fifty only)

सत्यमेव जयते

NOTARY
Ram Kumar
Advocate/Notary
Prayagraj
Reg. No. 1039
GOVT. OF INDIA

25-4-24

IN-UP33092491432241W

Please write or type below this line

NOTARY
Ram Kumar
Advocate/Notary
Prayagraj
Reg. No. 10391
GOVT. OF INDIA

हिन्दी साहित्य सम्मेलन
परिवर्तित जिला व शहर प्रयागराज द्वारा प्रधानमन्त्री श्री कुन्तक मिश्र

..... **प्रथम पक्ष**

एवं

मोतीलाल नेहरू राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान इलाहाबाद स्थित कार्यालय तेलियरगंज, प्रयागराज

..... **द्वितीय पक्ष**

हिन्दी के उत्थान एवं तकनीकी विकास के लिए एवं हिन्दी के तकनीकी विषय एवं शब्दावली के उत्थान एवं क्रियान्वन करने के लिए संयुक्त रूप से यह समझौता ज्ञापन (M.O.U.) तहरीर किया जा रहा है अधोलिखित विषय निम्नलिखित हैः-

1. यह कि उभय पक्षों द्वारा प्रत्येक तीन माह में एक संयुक्त बैठक का आयोजन करना, जिसमें आरम्भ किये गये और किये जानेवाले विषयों की प्रगति का अध्ययन करना एवं समुचित विचार-विमर्श करना।
2. यह कि उभय पक्षों द्वारा हिन्दी के प्रचार-प्रसार हेतु वर्ष में एक बार विज्ञान-प्रौद्योगिकी-विषयक त्रिदिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला का आयोजन करना।
3. यह कि उभय पक्षों द्वारा हिन्दीभाषा को प्रोत्साहन देने के लिए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी-विषयक विविध क्षेत्रों की हिन्दी-पुस्तकों का प्रकाशन-प्रसार करना।
4. यह कि उभय पक्षों द्वारा विज्ञान प्रौद्योगिकी को हिन्दी में स्थापित करने के लिए एक हिन्दी-मासिक पत्रिका का प्रकाशन करना।
5. यह कि उभय पक्षों द्वारा विश्वभर में हिन्दी भाषा में विज्ञान प्रौद्योगिकी विषयों पर जितने भी कार्य किये जा रहे हैं वा अभी तक जितने भी कार्य हुए हैं व उनकी भावी सम्भावनाओं आदिक विषयों से सम्बन्धित एक वार्षिक वा द्विवार्षिक हिन्दी अँगरेजी (द्विभाषिक) अनुसंधान पत्रिका का प्रकाशन करना।
6. यह कि उभय पक्षों द्वारा वैज्ञानिक एवं तकनीकी (प्रौद्योगिकी) शब्दावली- विषयक प्रयोजनमूलक कर्मशाला का समय-समय पर आयोजन करना।
7. यह कि उभय पक्षों द्वारा विज्ञान-प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में हिन्दीभाषा में उल्लेखनीय उपलब्धियाँ अर्जित करनेवाली प्रतिभाओं को राष्ट्रीय स्तर पर पुरस्कृत कर सम्मानित करना।
8. यह कि उभय पक्षों द्वारा विज्ञान-प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में देवनागरी लिपि एवं हिन्दी-भाषा में उल्लेखनीय योगदान करने वाले शोधार्थियों, अध्यापक-अध्यापिकाओं तथा लेखकादिक को प्रोत्साहन देने के उद्देश्य से यथावसर संयुक्त रूप से दोनों संस्थान पुरस्कृत और सम्मानित करेंगे।
9. यह कि उभय पक्षों द्वारा इस लेखपत्र (ज्ञापन) में उल्लिखित सभी शर्तों की पाबन्दी सभी पक्षकारों पर समान रूप से होगी।

(कुन्तक मिश्र)
प्रधानमन्त्री
हिन्दी साहित्य सम्मेलन, प्रयाग
दिनांकः

(प्रमोद कुमार द्विवेदी)
सहायक निदेशक (राजभाषा)
मोतीलाल नेहरू राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान इलाहाबाद
प्रयागराज-211004 (भारत)

This document has been presented before me on .... at my .... The executants are identified by .... Advocate. The contents have been read over and read over to the executants who have accepted them to be true. Hence This document is attested.

Ram Kumar
Advocate/Notary

IDENTIFIED BY